Title: Regarding CBI investigation into cases of leakage of question paper of various competitive examinations for recruitment in Government jobs in Rajasthan

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): राजस्थान में सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर आउट हो जाने से अभ्यर्थियों के भविष्य पर हर रोज लगते सवालिया निशान की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अध्यापक परीक्षा भर्ती परीक्षा-2022 का पेपर लीक हुआ और इससे पूर्व विगत 12 वर्षों में 17 बड़ी भर्ती परीक्षाओं के पर्चे लीक हुए जिसमें पेपर आउट करवाने वाले माफियाओं और गिरोह के मुख्य सरगनाओं के खिलाफ न कोई कठोर कार्रवाई और न ही असली गुनहगारों को दंडित किया गया जिससे लाखों अभ्यर्थियों के सपनों के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग लगातार हर सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर आउट कर रहे हैं । एसआई 2010, पीटीआई ग्रेड-2 2011, एपीपी 2011, क. लेखाकार 2013, आरएएस प्री 2013, जेल प्रहरी 2016, लाइब्रेरियन 2018, कांस्टेबल 2018, जेईएन 2020, रीट 2021, जेईएन 2022, कांस्टेबल 2022, वनरक्षक 2022 जैसी बड़ी सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए । लाखों रुपए कर्ज लेकर नौकरी की आश मे कई वर्षों से तैयारी, कोचिंग करने वाले मेहनतकश अभ्यर्थियों को खुद के सपने तोड़कर इसकी सजा चुकानी पड़ती हैं । जबकि दोषियों को सजा तक नहीं मिलती । इसलिए केंद्र सरकार राजस्थान की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में संलिप्त लोगो की जाँच ईडी से करवाये और 35 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य को देखते हुए ऐसे मामलों की रिपोर्ट राजस्थान सरकार और राजस्थान के महामहिम राज्यपाल महोदय के संज्ञान में लाकर पेपर आउट होने के मामले की सीबीआई जांच करवाने हेतु आवश्यक हस्तक्षेप करे ।

____

<u>12.10 hrs.</u>